**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

सरकार– सीजेपी बातचीत

केन्द्र सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों से जुड़ी मांगों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी–सीजेपी के प्रतिनिधिमंडल के साथ आज एक और दौर की बातचीत करेगी। इससे पहले कल भी नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की थी। जिसके बाद जे.पी. नड्डा ने बताया कि बैठक में परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर सीजेपी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया है। उन्होंने बताया कि सीजेपी ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं और परीक्षा पेपर लीक रोकने के लिए कुछ सुधारों के सुझाव भी दिए हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार विद्धार्थियों के भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि 51 शक्तिपीठ भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक है। श्री माता वैष्णों देवी विश्वविद्यालय कटरा में चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शक्तिमीमांसा के शुभारम्भ सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति केवल अराधना का विषय नहीं बल्कि सृजन ज्ञान करूणा साहस और राष्ट्र चेतना की शाश्वत ऊर्जा है। राज्यपाल ने शक्ति परम्परा के वैज्ञानिक अध्ययन डिजीटल प्रलेखन और वैश्विक प्रचार प्रसार पर बल दिया। राज्यपाल ने इस अवसर पर युवा पीढ़ी से आधुनिक ज्ञान के साथ साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों और भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ने की भी अपील की ।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 36वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी चैनलों, ए.आई.आर. न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा ए. आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**कारगिल युद्ध स्मारक**

लद्दाख के द्रास में स्थित कारगिल युद्ध स्मारक, ऑपरेशन विजय में भारत की जीत की याद में मनाए जाने वाले 27वें कारगिल विजय दिवस के भव्य समारोहों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। दो दिवसीय स्मारक कार्यक्रम आज से शुरू होंगे, जिसमें 1999 के कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री वीर नारियों और वीर माताओं से बातचीत करेंगे और शौर्य विजय यात्रा मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। कारगिल युद्ध स्मारक उन बहादुर सैनिकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता को दर्शाता है, जिनके साहस और बलिदान ने देश की संप्रभुता की रक्षा की। इधर मंडी जिला में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टिहरा में कल आयोजित होने वाल राज्य स्तरीय कारगिल विजय दिवस समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल करेंगे।

अमरनाथ यात्रा

जम्मू–कश्मीर में खराब मौसम के कारण छह दिनों तक स्थगित रहने के बाद वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आज से बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से पुनः शुरू कर दी गई है। यात्रियों को सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है। इसी बीच, 6 हजार 2 सौ 69 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था आज सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ।

**मिंजर मेला**

चंबा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला कल 26 जुलाई से शुरू हो रहा है और प्रशासन ने मेले को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता इस मेले का शुभारंभ करेंगे। मक्की की फसल में मिंजर आने की खुशी में प्राचीन काल से ही ये मेला मनाया जाता है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा ज़िला संवाददाता ––

*वर्ष पर चंबा जिला के लोगों को मेजर मेले का इंतजार रहता है और आजकल से चली आ रही मिंजर मेले की परंपरा का निर्माण आज भी किया जा रहा है इस परंपरा को सही से रखने के लिए सरकारी व प्रशासनिक स्तर पर किए जाने वाले प्रयास सराहनीय हैं मेले का मुख्य आकर्षण रहने वाली संस्कृत संध्याओं के दौरान इस वर्ष पार्श्व व पंजाबी गायको को बुलाने के साथ हिमाचली कलाकारों को भी प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध कराया जाएगा आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर*

..........................